
# क्लाइमेट चेंज एक गंभीर वैश्विक चुनौती : सीएम

**भोपाल, 19 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि क्लाइमेट चेंज एक गंभीर वैश्विक चुनौती है और यह मानव अस्तित्व, आर्थिक स्थिरता और भावी पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा सवाल है.**

डॉ. यादव मुंबई में क्लाइमेट वीक-2026 को संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला भी मौजूद थे. डॉ यादव ने कहा कि सतत् विकास की राह में हम पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकते. विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना ही प्रगति का मूल आधार है. उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज के मामले में ठोस और समयबद्ध समाधान पर काम करना आज की जरूरत है. मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज से निपटने में सर्वाधिक नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादक बन लीडर की भूमिका में है.

मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में इस राज्य में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास और सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि राज्य और निवेशक मिलकर देश को नवकरणीय ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे. बुधवार देर शाम के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए राज्य के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं ग्रीन एनर्जी के लिए विख्यात सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के बीच मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमओयू हुआ.

## मुख्यमंत्री ने मुंबई क्लाइमेट वीक-2026 में की सहभागिता




मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश में 300 मेगावाट 4 घंटे सौर-सह एनर्जी स्टोरेज परियोजना, 300 मेगावाट 6 घंटे सौर-सह एनर्जी परियोजना सहित 24×7 घंटे नवकरणीय ऊर्जा बैटरी आधारित एनर्जी स्टोरेज परियोजना पर काम कर रही है. यह एक नया प्रयोग है. यह भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना है. मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जो इस दिशा में आगे बढ़ रहा है. अपर मुख्य सचिव, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मनु श्रीवास्तव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा, विद्युत आपूर्ति का एक कारगर, सस्ता और विश्वसनीय विकल्प है.

### सीएम इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 20 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में शामिल होंगे. समिट में वे उच्च-स्तरीय पैनल से चर्चा करेंगे. इसमें राज्य स्तर पर एआई के उपयोग से आर्थिक विकास को गति देने, डिजिटल सुशासन को सशक्त बनाने और मजबूत अवसंरचना विकसित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव एआई कंप्यूटिंग, सायबर सुरक्षा संरचना, क्लाउड ईको सिस्टम, जनरेटिव एआई एकीकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी प्रमुख वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ वन टू वन बैठक भी करेंगे. बैठक में एडवांस्ड सेमीकंडक्टर ऐक्सीलरेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर और सॉवरेन एआई मॉडलिंग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव टियर-2 शहरों से उभर रहे स्टार्ट-अप और नव प्रवर्तकों से भी मुलाकात कर उनके एआई आधारित कार्यों की जानकारी लेंगे.

## मुंबई-इंदौर तेजस स्पेशल का संचालन बढ़ा
### 28 मार्च तक चलेगी ट्रेन

**इंदौर.** इंदौर से मुंबई के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है. यात्रियों की लगातार मांग और बेहतर प्रतिसाद को देखते हुए रेलवे ने मुंबई-इंदौर-मुंबई तेजस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि बढ़ा दी है. अब यह ट्रेन 28 मार्च तक संचालित होगी. रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस स्पेशल, जिसका संचालन पूर्व में 27 फरवरी तक निर्धारित था, अब 27 मार्च तक मुंबई सेंट्रल से रवाना होगी. इसी तरह गाड़ी संख्या 09086 इंदौर-मुंबई सेंट्रल तेजस स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 28 फरवरी तक तय था, अब 28 मार्च तक इंदौर से संचालित की जाएगी.

# प्रदेश का मौसम बदला : भोपाल में देर रात बारिश

## 08 जिलों में बिजली-ओलावृष्टि का अलर्ट

**भोपाल,19 फरवरी. फरवरी माह में मध्य प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदल गया है. राजधानी भोपाल में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना तो हुआ, लेकिन किसानों की चिंता भी बढ़ गई.**

कई जिलों में ओलावृष्टि दर्ज की गई है, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है. मौसम विभाग ने ग्वालियर-चंबल अंचल के आठ जिलों ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़,



छतरपुर और पन्ना में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है.

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के प्रभाव से यह बदलाव देखने को मिल रहा है. दो अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण तंत्रों के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही बढ़ी है और कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है. कमोवेश मौसम गुरुवार को भी इसी तरह रहा.

बुधवार को भी रतलाम, श्योपुर, मुरैना, मंदसौर, नीमच और गुना सहित 20 से अधिक जिलों में कहीं तेज बारिश तो कहीं ओले गिरे. फरवरी में यह तीसरी बार है जब प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हुई है. इससे पहले भी दो बार असामान्य मौसम ने किसानों की फसलों को प्रभावित किया था, जिसके बाद प्रशासन ने सर्वे कराए थे. 18 और 19 फरवरी को फिर से बदले मौसम ने खेतों में खड़ी फसलों को खतरे में डाल दिया है. हालांकि दिन के तापमान में वृद्धि देखी जा रही है और कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, लेकिन रात और सुबह के समय ठंडक बरकरार है.

# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के साथ है सरकार



**भोपाल, 19 फरवरी. मध्यप्रदेश में अनेक स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों के प्रभावित होने की सूचनाओं के बीच किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है.**

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है. हाल ही में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के नुकसान की राहत राशि देने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाएगा. कृषि मंत्री ने कहा कि जिन-जिन जिलों में वर्षा और ओलावृष्टि की घटनाएं सामने आई हैं, वहां तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण के आदेश दे दिए गए हैं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान समय पर किया जा सके

# अगरतला ट्रेन का 2 मिनट का ठहराव घोषित

**भोपाल,19 फरवरी. रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रानी कमलापति - अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन के न्यू अलीपुरद्वार स्टेशन पर अतिरिक्त प्रयोगिक ठहराव की घोषणा की है.**

रानी कमलापति से 19 फरवरी 2026 और अगरतला से 22 फरवरी 2026 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन को दोनों दिशाओं में 2 मिनट का ठहराव मिलेगा. यह ठहराव अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा. गाड़ी संख्या 01665 (रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल) न्यू अलीपुरद्वार स्टेशन पर रात 21:47 बजे पहुंचेगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 01166 (अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल) सुबह 11:23 बजे स्टेशन पर ठहरेगी.

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यह ठहराव स्थानीय यात्रियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा और रेल सेवाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुँचाएगा. उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा से पहले रेलवे स्टेशन, रेल मदद नंबर 139 या आधिकारिक वेबसाइट से ट्रेन की विस्तृत जानकारी अवश्य प्राप्त करें. रेल प्रशासन का उद्देश्य इस ठहराव के माध्यम से क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा बढ़ाना और उनके समय पर यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है. यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय का ध्यान रखते हुए ट्रेनों का उपयोग करें.

### होली स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए डॉ अम्बेडकर नगर-पटना-डॉ अम्बेडकर नगर होली स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है. गाड़ी संख्या 09343/09344 दोनों दिशाओं में साप्ताहिक 5-5 ट्रिप संचालित होंगी. गाड़ी संख्या 09343 डॉ अम्बेडकर नगर से 26 फरवरी 2026 से प्रत्येक गुरुवार 18:00 बजे प्रस्थान करेगी. मार्ग में संत हिरदाराम नगर 22:48 बजे, विदिशा 23:30 बजे और बीना 01:30 बजे ठहरेगी, तथा 18:30 बजे पटना पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 09344 पटना से प्रत्येक शुक्रवार 21:30 बजे प्रस्थान कर बीना 16:00 बजे, विदिशा 17:08 बजे और संत हिरदाराम नगर 19:03 बजे ठहरेगी, और शनिवार 23:55 बजे डॉ अम्बेडकर नगर पहुंचेगी.

## पेज एक का शेष

# इंदौर के दूषित जल कांड को लेकर सदन में जबर्दस्त हंगामा

**मंत्री ने कहा पहली मौत 21 से 29 दिसंबर के बीच हुई :** चर्चा पर सत्ता पक्ष की आपत्ति को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सदन में श्वान के मामले में 47 मिनट की चर्चा हो सकती है तो फिर जिस मामले में लोग शांत हो गए हैं, उस मामले में चर्चा क्यों नहीं हो सकती. मैं ऐसे कई मामलों की सूची दे दूंगा, जब सब ज्यूडियश होते हुए भी मामले पर सदन में चर्चा हुई है. उन्होंने जानना चाहा कि मौत की शुरुआत कब से हुई और सहायता राशि कितनी दी गई? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में दो और लोगों की मौत हुई, जिससे मौतों की संख्या 22 तक पहुंच गई, वहीं मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है. पहली मौत 21 से 29 दिसंबर के बीच हुई. **हमने आईएएस अफसर को भी निलंबित किया :** सीएम: इस पर नेता प्रतिपक्ष ने महज दो लाख रुपए की सहायता राशि को नाकाफी बताते हुए कहा कि घटना में 35 लोगों की मौत हो गई, क्या चार लाख रुपए रुपए देंगे. इस पर सीएम ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि वैसे तो इस मामले में चर्चा सदन में नहीं कराया जाना था, लेकिन ऐसे विषय आने पर हमने मामले की गंभीरता को देखते हुए चर्चा कर समाधान का प्रयास किया है. इतनी बड़ी आबादी में नार्मल डेथ भी हो रही थी, हमने घटना के विषय में प्रशासनिक द्वष्टि से आईएएस अफसर को भी निलंबित किया है. सवाल पैसे का नहीं संवेदनशीलता का है. दो की जगह चार क्या हम पांच लाख देने तैयार हैं. **क्या मंत्री, प्रभारी मंत्री, महापौर की जिम्मेदारी नहीं :** सिंघार: वहीं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि क्या जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की ही है? क्या इसके लिए मंत्री, प्रभारी मंत्री और महापौर जिम्मेदार नहीं है? नैतिकता के आधार पर मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं मांगा गया?

### स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर पलटी बस, पांच घायल

**रीवा, 19 फरवरी,** मऊगंज में गौतम ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 35 यात्री सवार थे. पांच यात्रियो को गंभीर चोटे पहुंची है जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गुरूवार की सुबह 10 बजे बस पतुलखी से रीवा की ओर आ रही थी तभी यह हादसा हुआ.बस जैसे ही मुनमा मोड़ के पास पहुंची, अचानक स्टेरिंग फेल हो गई. जिससे चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस सडक़ से नीचे उतर गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कन्डेक्टर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को रोकने की कोशिश की. वह बस से नीचे उतरकर टायर के नीचे पत्थर लगाकर बस को रोकने का प्रयास करता रहा, लेकिन बस रफ्तार और ढलान के कारण नहीं रुक सकी और करीब 5 फीट नीचे जा गिरी.

## मनोरंजन

### रोमांस थ्रिलर 'साइको सैयां' का ट्रेलर हुआ रिलीज !




भारत की अग्रणी मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी आगामी रोमांस थ्रिलर सीरीज़ 'साइको सैयाँ' का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया. यह कोई सामान्य प्रेम कहानी नहीं है. जो कहानी एक बड़े, फिल्मी रोमांस की तरह शुरू होती है, वह धीरे-धीरे अपने गहरे और डरावने रूप को दिखाती है, जहाँ प्यार जुनून में बदलने लगता है और चाहत घुटन पैदा करने लगती है. इस सीरीज में रवि किशन, तेजस्वी प्रकाश और अनुद सिंह ढाका मुख्य भूमिकाओं में हैं. साथ ही, सृष्टि श्रीवास्तव, सुरभि चांदना, वरुण भगत, अश्विनी कालसेकर और यशपाल शर्मा भी अहम किरदार निभा रहे हैं. ट्रेलर में कार्तिक का परिचय कराया गया है, जो उज्जैन का एक शायरी पसंद करने वाला युवक है. उसे लगता है कि उसे आखिरकार वह लड़की मिल गई है, जो उसकी दुनिया को पूरा कर देगी, चारू. उसके लिए प्यार कोई साधारण भावना नहीं है, बल्कि एक बड़ी, गहरी और हर जोखिम उठाने वाली भावना है. लेकिन इस तीव्रता की अपनी कीमत होती है. जैसे-जैसे कार्तिक की भावनाएँ गहरी होती जाती हैं, वैसे-वैसे उसे थामे रखने की चाह भी बढ़ती जाती है. वह उसके पीछे अलग-अलग शहरों तक जाता है, अधिकारों का विरोध करता है और जो भी उसके रास्ते में आता है, उससे टकरा जाता है. जिसे वह प्यार कहता है, वह धीरे-धीरे खतरनाक रूप से कब्ज़े और अधिकार जताने जैसा दिखने लगता है. उज्जैन, कटनी और जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित यह ट्रेलर तीखे टकराव, बढ़ती आपराधिक ताकत, भावनात्मक हेरफेर और लगातार कमजोर पड़ते रिश्तों की झलक दिखाता है. रवि किशन अपने प्रभावशाली अभिनय से हर दृश्य में छा जाते हैं और हर मोड़ पर शक्ति का संतुलन बदलते नजर आते हैं, जिससे कहानी और भी गंभीर और भयावह हो जाती है. ट्रेलर खत्म होने के बाद भी एक सवाल लंबे समय तक मन में बना रहता है प्यार आखिर कब नियंत्रण की सीमा पार कर जाता है? : एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने कहा, 'एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर हमारा लगातार प्रयास रहता है कि हम ऐसी कहानियाँ लेकर आएँ जो सिर्फ मनोरंजक ही नहीं, बल्कि भावनाओं का एक अलग और खास मिश्रण भी पेश करें. साइको सैयाँ एक पारंपरिक रोमांस की खूबसूरती से शुरू होती है, जिसे दर्शक पसंद करते हैं, लेकिन जल्दी ही यह एक गहरी मनोवैज्ञानिक कहानी में बदल जाती है.

### गंगा माई की बेटियां' में नया लव स्टोरी ट्विस्ट



शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्ध) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) नजर आ रहे हैं, अब अपने सबसे खास और बड़े मोड़ की तरफ बढ़ रहा है. आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को वो पल देखने मिलेगा, जिसका सभी को लंबे समय से इंतजार था, जब सिद्धू आखिरकार स्नेहा से अपने दिल की बात कहेगा. इस सरप्राइज़ को और खास बनाते हुए, स्नेहा भी उसकी बात सुनती है और अपने जज़्बात ज़ाहिर करती है, जिससे स्नस्नेधु की लव स्टोरी की असली शुरुआत हो जाती है. 'गंगा माई की बेटियां' में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू ने बताया कि इस प्रपोज़ल सीन को कितने खास तरीके से शूट किया गया. उन्होंने कहा, 'सिद्धू ने स्नेहा को महाशिवरात्रि के दिन प्रपोज किया. मान्यता है कि इसी दिन शिव जी और पार्वती जी का विवाह हुआ था, और यही बात स्नेहा और सिद्धू की कहानी से भी जुड़ती है, क्योंकि वो भी इसी पवित्र मौके पर अपने दिल की बात एक-दूसरे से कहते हैं. जब सिद्धू अपने प्यार का इजहार करता है, तो नेहा पहले चौंक जाती है और कहती है कि उसने उसे कभी उस नजर से नहीं देखा. लेकिन बाद में उसे एहसास होता है कि वो भी उससे प्यार करती है. यह सीन बहुत ही खूबसूरत लोकेशन पर शूट किया गया है. इस पूरे सीन को शूट करने में हमें चार दिन लगे. हमने हिमाचल प्रदेश में शूट किया और बाद में पंजाब में भी शूटिंग हुई.

# मृणाल ने साझा की सुपर 30 की यादें



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अपने निजी जीवन से जुड़ा एक रोचक खुलासा किया. आगामी चलचित्र 'दो दीवाने सहर में' के प्रचार के दौरान उन्होंने बताया कि उनके पूर्व प्रेमी ने अभिनेता ऋतिक रोशन जैसा दिखने के लिए 15 से 17 किलोग्राम वजन कम कर लिया था.

मृणाल ने बताया कि यह घटना उस समय की है जब वह चलचित्र 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के साथ अभिनय कर रही थीं. उस दौरान वह एक स्कैंडिनेवियाई युवक के साथ प्रेम संबंध में थीं. उनके अनुसार, पूर्व प्रेमी को यह असुरक्षा महसूस होने लगी थी कि मृणाल आकर्षक और सफल अभिनेताओं के साथ कार्य कर रही हैं. इसी कारण उन्होंने स्वयं को परिवर्तित करने का निश्चय किया. अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने नियमित व्यायाम और संयमित आहार अपनाकर तेजी से वजन घटाया तथा सुदृढ़ शरीर बनाया. हालांकि यह परिवर्तन अधिक समय तक स्थिर नहीं रह सका. कुछ महीनों बाद उन्होंने व्यायाम करना छोड़ दिया और पूर्व जीवनशैली में लौट गए, जिससे उनका लगभग 20 किलोग्राम वजन पुन: बढ़ गया.

मृणाल के अनुसार, यह पूरा प्रयास उनके पूर्व साथी की व्यक्तिगत असुरक्षा का परिणाम था. उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी अपने साथी पर वजन कम करने का कोई दबाव नहीं डाला. उनका मानना है कि किसी भी संबंध में आत्मविश्वास और पारस्परिक विश्वास अत्यंत आवश्यक होता है, अन्यथा असुरक्षा संबंधों को कमजोर कर सकती है.

# 'दीप दुर्गा' के लिए कुमार सानू की आवाज



**कुमार** सानू ने आने वाली हिंदी फिल्म 'दीप दुर्गा' के लिए एक बेहद भावनात्मक और दिल को छू लेने वाला गीत रिकॉर्ड किया है. अपनी सुरीली और इमोशनल आवाज़ के लिए मशहूर कुमार सानू ने इस गाने में ऐसी गहराई और संवेदनशीलता भरी है, जो फिल्म की कहानी को और प्रभावशाली बनाती है. मुंबई में रिकॉर्ड किए गए इस गीत को लेकर फिल्म की टीम खासा उत्साहित है. प्रिंस अब्दुल सिद्दीकी और आरके ठाकुर द्वारा निर्मित फिल्म 'दीप दुर्गा' एक धार्मिक और सामाजिक विषय पर आधारित है, जिसे समकालीन अंदाज में प्रस्तुत किया गया है. फिल्म का निर्देशन रंगलाल आर निषाद कर रहे हैं, जो अपनी संवेदनशील कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं.

फिल्म में यजुर मारवाह और तान्या मिश्रा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. इनके साथ प्रहवी पाठक, मुस्ताक खान, अजीत पंडित, हेमंत चौधरी, समिधा किरण, खुशबू कमल, साधना गुप्ता, करण ठाकोर, इरफान रजाक खान और राम विश्वकर्मा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे. फिल्म का संगीत जेपी बाबा ने तैयार किया है, जबकि गीत के बोल एसके सचिन ने लिखे हैं. संगीतकार और गीतकार की जोड़ी ने कहानी की भावनात्मक परतों को ध्यान में रखते हुए यह गीत रचा है, जिसे कुमार सानू की आवाज़ ने एक नई ऊंचाई दी है.

# नेहा और अंगद के 8 साल पूरे



अलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने पति अंगद बेदी के साथ प्यार और साथ के आठ साल का जश्न मनाया. नेहा धूपिया ने हाल ही में अपने पति अंगद बेदी को खास सरप्राइज़ दिया. नेहा ने उनकी पहली डिनर डेट को दोबारा उसी तरह से तैयार किया, जहां से उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी. इस भावुक पल का वीडियो नेहा ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया, जिसमें दोनों उसी रेस्टोरेंट में नजर आए जहां वे पहली बार डेट पर गए थे.

वीडियो में नेहा, अंगद को पुरानी यादों में ले जाती दिखाई देती हैं. दोनों साथ बैठकर पुरानी बातें करते हैं और सुकून से एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे सालों पहले बिताया था. इस खास मौके पर अंगद ने नेहा को वही टी-शर्ट गिफ्ट की, जो उन्होंने अपनी पहली डेट पर पहनी थी. यह तोहफा उन्होंने प्यार, याद और अपने जीवन में नेहा की अहमियत के प्रतीक के रूप में दिया. उन्होंने नेहा को सिर्फ अपनी पत्नी ही नहीं, बल्कि अपने दोनों बच्चों की समर्पित मां के रूप में भी सराहा.

इस भावुक पल में अंगद ने नेहा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके परिवार में प्यार और मज़बूती लेकर आती हैं और जीवन के हर दौर में उनका साथ देती रही हैं.

# अक्षय कुमार ने किया उत्तर-पूर्व का समर्थन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित पर हो रहे लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' में अभिनेता अक्षय कुमार ने उत्तर-पूर्व के लोगों के खिलाफ होने वाले भेदभाव और नस्लभेद पर खुलकर बात की.

अक्षय कुमार ने मंच से साफ कहा कि उत्तर-पूर्व के लोग भी उतने ही भारतीय हैं जितना देश का कोई भी नागरिक. कार्यक्रम के दौरान एक प्रतियोगी ने बताया कि उत्तर-पूर्व के लोगों को अक्सर उनके चेहरे और पहचान को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं. कई बार उन्हें गलत नामों से बुलाया जाता है और उनका मज़ाक उड़ाया जाता है.इस पर अक्षय कुमार ने बात को गंभीरता से लिया और अपने मेकअप कलाकार किन को मंच पर बुलाया, जो मणिपुर से हैं.

अक्षय कुमार ने कहा, 'मेरे साथ एक लड़का है जो मेरा मेकअप करता है और मेरा ध्यान रखता है. ये हैं किन. 'किन ने मंच पर बताया कि कैसे लोग उन्हें 'चीनी', 'चिंकी', 'मोमो' जैसे शब्दों से बुलाते हैं और उन्हें अलग समझते हैं. यह सुनकर अक्षय कुमार ने कहा, 'आज तुम्हारी बात सुनकर मुझे सच में समझ आया कि ये सब होता है.' इसके बाद अक्षय कुमार ने देश को सीधा संदेश देते हुए कहा, 'मैं भारत के सभी लोगों से कहना चाहता हूं... उत्तर-पूर्व के लोगों के साथ भेदभाव होता है.लेकिन वो भी उतने ही भारतीय हैं जितना मैं हूं, आप हैं और यहां बैठे बाकी लोग हैं.' अक्षय कुमार ने यह भी याद दिलाया कि उत्तर-पूर्व के लोगों का देश के लिए बहुत बड़ा योगदान रहा है.

